प्रकाश दीपोत्सव : दीपावली मेला व सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन आज

वित्त मंत्री करेंगे शुभारंभ, किताब रथ सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रकाश दीपोत्सव के रूप में दिपावली का पर्व मनाया गया। गुरूवार को खिरनी बाग रामलीला में मैदान में दीपावली मेले का मुख्यातिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शुभारम्भ करेंगे। डीएम, एसपी, सीडीओ, नगरायुक्त ने दीपावली मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

वी लव शाहजहांपुर सेल्फी प्वाइंट का निरीक्षण करते डीएम

नगर निगम द्वारा आयोजित मेले के शुभारंभ की तैयारी का मुआयना करते डीएम

पुलिस बैण्ड व रानी लक्ष्मी बाई के चरित्र डाला जाएगा प्रकाश:-डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि खिरनीबाग रामलीला मैदान में नए सांस्कृतिक मंच के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक व रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। पुलिस बैण्ड का कार्यक्रम भी होगा। रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को इस मेले में लगाने की इजाजत दी गई, जिससे बाजार में बीच में बीच चौराहों पर न लगाएं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के कारण काफी त्यौहार अच्छे ढंग से नहीं मना पाए थे, इस बार कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए मेले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।वीर रस व लोक गीतों पर आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे। बाहर के कलाकारों के माध्यम से भी लोगों का मंनोरंजन किया जाएगा।

जरी जरदोजी का सामान खरीदें :-मूर्ति, दीप, ऑटिफिशियल सामान सहित जरी जरदोजी का सामान लगाया जाएगा, जिससे लोग खरीदकर त्यौहारों पर लोगों गिफ्ट दें व स्वयं खरीदें जिससे जरी जरदोजी के कार्य में विकास होगा।

सेल्फी प्वाइंट का निरीक्षण, मेले में होगा किताब रथ:-नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि नगर निगम के द्वारा जीआईसी तिराह पर वी लव शाहजहांपुर का वर्टिकल गार्डन सेल्फी प्वांइट बनाया। जिससे इस तिराहा की सुन्दरता काफी बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि खिरनीबाग रामलीला मैदान में दीपावली मेले का आयोजन हो रहा, शुभारंभ वित्त मंत्री करेंगे। मेले में पढ़ाई पर जो भी दिया जाएगा। विभिन्न पुस्तकों से भरा हुआ रथ मेले व शहर के मुख्य मार्गों पर घूमेंगा जिससे लोगों के मन में पढ़ने की जिज्ञासा उत्पन्न हो।

दीपावली पर सुरक्षा कड़ी:-एसपी एस आनंद ने कहा कि दीपावली को देखते हुए समस्त थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया। दीपावली का पर्व हिन्दु समुदाय के लोगों के काफी महत्वपूर्ण होता हैं इसलिए क्षेत्र में कोई भी घटना घटित न हो सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीओ व एसएचओ को अपने क्षेत्र में रूट मार्च करने व शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएं। सीडीओ एसबी सिंह, एडीएम ई रामसेवक द्विवेदी व नगर निगम उच्चाधिकारी मौजूद रहे।